# फिल्म की सफलता के लिये कंटेंट जरूरी: आयुष्मान



बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म की सफलता के लिये कंटेंट जरूरी है और कंटेंट बेस्ट फिल्म अच्छी फिल्म कहलाती है। आयुष्मान खुराना की इस वर्ष प्रदर्शित अंधाधुन और बधाई हो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई है। आयुष्मान खुराना ने कहा, यह साल मेरे लिए एक सपने सरीखा रहा। एक अभिनेता के रूप में मैंने हमेशा ये माना है कि कंटेंट सिनेमा का भगवान है। मैंने इस किस्म के ऑफबीट सिनेमा को हमेशा तवज्जो दी है क्योंकि मुझे ऐसा लगता है कि एक कंटेंट बेस्ड फिल्म इंटरटेनिंग के साथ सिंपल और अच्छी फिल्म कहलाती है। आयुष्मान ने कहा, मेरी फिल्मों को लेकर किए गए चुनाव पर लोगों ने हमेशा सवाल खड़े किए हैं लेकिन मैंने हमेशा किसी की भी सुने बगैर खुद की चॉइस पर भरोसा किया है। लोग मुझे सचेत करते थे कि मैं स्टारडम गेम में नहीं हूं और सिर्फ अच्छे कंटेंट पर काम कर रहा हूं। आज मैं अपने आप को एक एक्टर के रूप में वेलिडेट महसूस कर रहा हूं जो अच्छे कंटेंट पर बनी फिल्म पर काम करता है और उसकी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस भी मिलती है। इससे यह साबित हो गया है कि अच्छे कंटेंट पर बनी फिल्मों को विश्व भर में सराहा जाता है।

# कुछ समुदायों को निशाना बनाए जाने से परेशान हूं : तापसी



फिल्म मुल्क में काम करने के बाद अभिनेत्री तापसी पन्नू एक तरफ खुश हैं तो वहीं परेशान भी हैं। आलोचकों द्वारा सराही गई उनकी यह फिल्म इस्लामोफाबिया और अन्य सामाजिक मुद्दों पर आधारित है। तापसी ने बयान दिया, दर्शकों ने फिल्म को जिस तरह से लिया, मैं बहुत खुश हूं। लेकिन जिस तरह से समाज कुछ समुदायों को चुनकर निशाना बनाता है, उससे परेशान भी हूं। मुल्क में वकील की भूमिका निभा चुकीं 31 वर्षीय अभिनेत्री फिल्म के जरिए समाज में बदलाव चाहती हैं।

वह कहती हैं, मैंने उनके साथ खड़े होने और एक बदलाव शुरू करने के लिए इस फिल्म को स्वीकारा। मैंने जिस किरदार को निभाया है, शुरुआत में उसकी कुछ प्रशंसा हुई, लेकिन मैं दृढ़विश्वास के साथ कह सकती हूं कि अब वह सब शांत हो चुका है। अनुभव सिन्हा निर्देशित फिल्म में ऋषि कपूर, रजत कपूर, नीना गुप्ता, प्रतीक बब्बर और आशुतोष राणा प्रमुख भूमिकाओं में दिखे हैं। मुल्क छोटे पर्दे पर प्रसारित होगी, इसलिए तापसी और अनुभव चाहते हैं कि लोग फिल्म में जो बताने की कोशिश की गई है, उसे समझें। अभिनेत्री ने कहा, मुझे आशा है कि टेलीविजन प्रीमियर से अच्छा संदेश जाएगा और लोग इसे महसूस करेंगे। मुल्क रविवार को एंड पिक्चर्स चैनल पर विश्व टेलीविजन प्रीमियर होगा।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# दिल दहला देगी नरगिस फाखरी की अमावस



आपने अभी तक नरगिस फाखरी को बोल्ड और रोमांटिक फिल्मों में ही देखा होगा, लेकिन अब वह हॉरर फिल्म में भी नज़र आने वाली हैं। रॉकस्टार जैसी फिल्म म्यूजिकल और रोमांटिक फिल्म से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली नरगिस फाखरी हॉरर फिल्म अमावस में नज़र आने वाली हैं, जिसका टीजर रिलीज़ किया गया है। इस फिल्म में उनके ऑपोजिट सचिन जोशी होंगे। इस टीजर को देख यकीनन आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। फिल्म के नाम से ही जाहिर है कि इसकी थीम अमावस्या की रात के इर्द-गिर्द ही होगी। इस फिल्म को भूषण पटेल डायरेक्ट कर रहे हैं। इससे पहले भूषण 1920: ईवल रिटर्न्स, रागिनी एमएमएस 2 और अलोन जैसी हॉरर फिल्मों को डायरेक्ट कर चुके हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन में की गई है और इसमें विवान भटेना, नवनीत कौर ढिल्लन, मोना सिंह और अली असगर भी नज़र आएंगे। अमावस अगले साल 11 जनवरी को रिलीज़ होगी।

# फिल्मफेयर के कवर पेज के लिए रणवीर सिंह ने कराया शानदार फोटोशूट

हाल ही में दीपिका पादुकोण के साथ शादी के बंधन में बंध चुके हैं रणवीर सिंह। शादी के बाद रणवीर का फर्स्ट मैगज़ीन कलर शूट सामने आया है, जिसमें बेहद हैंडसम दिख रहे हैं ऐक्टर। न्यूली मैरिड रणवीर सिंह दरअसल फिल्मफेयर के अगले अंक के लिए मैगज़ीन के लेटेस्ट कवर पेज पर नजर आनेवाले हैं। अपने इस लेटेस्ट फोटोशूट में जबरदस्त हैंडसम दिख रहे हैं रणवीर। रणवीर और दीपिका अब पति-पत्नी बन चुके हैं। जिंदगी की नई शुरुआत करने जा रहे रणवीर और दीपिका फिलहाल अपनी रिसेप्शन पार्टियों में व्यस्त हैं।

मैगज़ीन के इस लेटेस्ट इशू में रणवीर का वह इंटरव्यू भी है, जिसमें वह अपनी शादी को लेकर बातचीत की है। फिल्मफेयर के कवर पर रणवीर ब्लैक कपड़ों में दिख रहे हैं। ब्लैक कलर के नेट शर्ट के साथ एम्ब्रॉयडरी वाला ब्लैक लॉन्ग जैकेट और ब्लैक ट्राउज़र में काफी हैंडसम दिख रहे हैं रणवीर। उन्होंने हाथ में एक छड़ी भी पकड़ रखी है, जो उनके लुक को कम्प्लीट करती नजर आ रही। बता दें कि रणवीर और दीपिका की रिसेप्शन पार्टियां 28 नवंबर और 1 दिसम्बर को मुंबई में होनी है, जिसमें उनके परिवार वालों के अलावा फिल्म इंडस्ट्री के लोग भी शामिल होंगे।

# हम भी बाहुबली जैसी फिल्म बना सकते हैं: अक्षय

अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म 2.0 के प्रमोशन में जुटे हैं। इस दौरान हमसे हुई बातचीत में अक्षय ने बताया कि 2.0 उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वह 38 दिनों तक पिंजरे जैसे कमरे में रहते थे, मेकअप और कॉस्ट्यूम पहनने के बाद उनका चलना-फिरना बंद हो जाता था, 38 दिनों तक शूटिंग के दौरान वह लिक्विड डायट पर थे।

अक्षय कहते हैं, बाहुबली जैसी भव्य फिल्म बॉलीवुड में भी बनाई जा सकती है। हालांकि उसके लिए अधिक सिनेमाघरों का होना आवश्यक है। मेरी फिल्म पैडमैन भारत में करीब ढाई हजार सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जबकि यह फिल्म चीन में भारत से ज्यादा स्क्रीन में रिलीज होने जा रही है, ज्यादा स्क्रीन होने से बॉक्स ऑफिस कलेक्शन ज्यादा होगा। हमारे देश की जनसंख्या अधिक है, ऐसे में अगर देश के टायर टू और थ्री सिटीज में भी सिनेमाघरों का निर्माण होगा तो बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों का कलेक्शन बढ़ेगा और निर्माता बाहुबली जैसी फिल्में बनाने में रुचि दिखाएंगे। सिनेमाघरों के निर्माण के बाद बॉलिवुड में 1000 करोड़ की फिल्में भी बनाई जाएंगी। 2.0 के बारे में अक्षय ने कहा, 2.0 भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है। जो एक साई-फाई होने के साथ-साथ सामाजिक विषय पर भी बात करेगी। अर्नाल्ड श्वाजनेगर के साथ तुलना किए जाने पर अक्षय ने कहा, अगर मैं शंकर की चौथी पसंद भी होता तब भी इस फिल्म में जरूर काम करता। मैं बहुत खुश हूं कि निर्देशक शंकर ने मुझे इस फिल्म में लिया। बॉलिवुड वालों को समय की कीमत दक्षिण की फिल्मों के निर्माताओं और अभिनेताओं से सीखना चाहिए, वहां हर चीज व्यवस्थित होती है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के टेक्निशन हॉलिवुड की फिल्मों पर लगातार नजर बनाए रखते हैं और हॉलिवुड की फिल्मों से लगातार प्रेरित होते रहते हैं। जिसके चलते दक्षिण की फिल्में एडवांस और अच्छी होती हैं। 2.0 मेरे करियर के लिए एक बहुत बड़ी फिल्म साबित होगी। मैंने इस फिल्म के लिए बहुत कड़ी मेहनत की है। 38 दिन की शूटिंग में लगातार मात्र लिक्विड डायट पर था, जो कि बहुत ही थका देने वाला था, सेट पर हमेशा 3 डॉक्टर उपस्थित रहते थे, जो लगातार मेरी सेहत और आंखों पर नजर बनाए रखते थे।